# भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में 14 सितम्बर 2016 को "हिन्दी चेतना मास" का उद्घाटन

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में **"हिन्दी चेतना मास"** का आयोजन 14 सितम्बर 2016 से 13 अक्तूबर, 2016 तक किया जा रहा है। इस अवसर पर 14 सितम्बर 2016 को "**हिन्दी चेतना मास**" के उद्घाटन पर ब्यूरो की निदेशक महोदया, डॉ. चाँदिश आर. बल्लाल ने, रा. कृ. की. सं. ब्यू., बेंगलूरु के सभी कर्मचारियों को "**हिन्दी चेतना मास**" के आयोजन पर शुभकामनाएं दी और कहा कि इस अवसर पर मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि हाल ही में हमारे ब्यूरो को सर्वश्रेष्ठ संस्थान होने का गौरव प्राप्त हुआ। सर्वश्रेष्ठ संस्थान का स्थान प्राप्त करने के लिए इस ब्यूरो के समस्त कर्मचारियों ने अपने-अपने स्तर और क्षेत्रों में श्रेष्ठतम योगदान दिया परिणाम स्वरूप हमारे ब्यूरो ने सर्वश्रेष्ठ संस्थान का पुरस्कार प्राप्त किया। ब्यूरो की निदेशक महोदया ने,आग्रह किया कि ब्यूरो के सभी कर्मचारी केवल हिन्दी चेतना मास के दौरान ही नहीं वरन कार्यालय के दिन-प्रतिदिन के कार्यों को हिन्दी में करें इससे हम परिषद में हिन्दी के कार्यों की उन्नति करने में सफल होंगे। इस अवसर पर भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, हेसर्गट्टा, बेंगलूरु से विशिष्ठ अतिथि के रूप में आए श्री जे. एन.एल.दास, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कार्यालयों और व्यवहारिक रूप में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग की भूमिका पर विस्तृत रूप से अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. एस. के. जलाली, प्रभागाध्यक्ष, आण्विक कीट विज्ञान ने वैज्ञानिकों और हिन्दी से जुड़े कर्मचारियों की महत्ता बताते हुए आग्रह किया कि सब मिलकर नयी-नयी तकनीकों को किसानों की भाषा में किसानों तक पहुँचाए इससे हमारी प्रौद्योगिकी ज़मीन से जुड़े किसानों तक पहूँचेंगी। इस अवसर पर ब्यूरो के कर्मचारियों श्री टी. ए. विश्वनाथ, वित्त एवं लेखा अधिकारी, श्री बी. के. चौबे, एवं राघवेंद्रा तकनीकी अधिकारियों ने अपने- अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. अंकिता गुप्ता ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस समारोह का संचालन श्री सतेंद्र कुमार, सहायक तकनीकी अधिकारी ने किया




Dr. Chandish R. Ballal, Director, ICAR-NBAIR inaugurated the ‘Hindi Chetna Maas’ with lighting of lamp (above) and addressed the staff in the National language (below).





Mr. J N L Das, Senior Administrative Officer, ICAR-IIHR, Bengaluru being received as chief guest by Director, NBAIR .




Mr. J N L Das delivered a lecture in Hindi on ‘Implementation of official language in government offices’ .




Group photo of ICAR - NBAIR staff members during Hindi Chetna Maas